# वेदांता के नंद घर का आंकड़ा 10,000 हुआ

नई दिल्ली | वेदांता समूह की सीएसआर इकाई अनिल अग्रवाल फाउंडेशन ने 16 राज्यों में 10,000 से नंद घर स्थापित कर नई उपलब्धि हासिल की है। इनसे प्रतिदिन 4 लाख से अधिक बच्चों और 3 लाख महिलाओं लाभ मिल रहा है। नंद घर आंगनवाड़ी प्रणाली को आधुनिक बनाकर महिलाओं और बच्चों को बेहतर पोषण, प्रारंभिक शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और कौशल के माध्यम से सशक्त कर रहे हैं। वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा कि हम 8 करोड़ बच्चों और 2 करोड़ महिलाओं के जीवन में बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इन केंद्रों के जरिए अब तक 80 लाख से अधिक पोषण सप्लिमेंट वितरित किए जा चुके हैं।